दिन–सोमवार दिनांक– 21 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में हंगामा और नारेबाजी की। हंगामे के बीच ही विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सत्रहवीं विधानसभा का अंतिम सत्र है। सत्र के पहले दिन हंगामे और नारेबाजी के बीच ही उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए लगभग 58,000 करोड़ रुपये की पहला अनुपूरक मांग बजट सदन के पटल पर रखा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, विधान परिषद में भी एसआईआर और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। मानसून सत्र पच्चीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बिहार प्लेटफॉर्म गिग कामगार

विधेयक, जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, बिहार दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक तथा पशु प्रजनन विनियमन विधेयक समेत कई विधेयक चर्चा के लिए सदन में पेश किया जायेगा।

---

संसद का मानसून सत्र भी आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन विपक्षीय सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में आज प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही विपक्षी सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर और एसआईआर पर चर्चा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, रक्षामंत्री और लोकसभा में उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा सरकार किसी भी प्रस्तावित विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हंगामे की जगह चर्चा की तैयारी करनी चाहिए।

---

न्यायामूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीध पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति पंचोली पटना उच्च न्यायालय के पैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश हैं।

———————————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा, शेखपुरा और जमुई जिले के कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई ह। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि आज गयाजी और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

———————————————————————————————

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इधर, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, लखीसराय के अशोकधाम, पटना के बैकटपुर धाम समेत विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

---

कैमूर जिले के प्रवरा पहाड़ी पर स्थित शक्तिपीठ माँ मुंडेश्वरी धाम स्थित चतुर्मुख शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों का भारी हुजूम उमड़ रहा है। दूसरी सोमवारी के पावन अवसर पर पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अरेराज स्थित बाबा सोमेश्वर धाम में श्रावणी मेले का उद्घाटन किया।

———————————————————————————————

अररिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुंजन पांडेय ने आज मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

———————————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया नगर निगम की महापौर गरीमा देवी शिकारिया ने वार्ड नंबर सत्रह में आज निःशुल्क नेत्र जांच सिविर का उद्घाटन किया।

———————————————————————————————

समाप्त